UK Government

Ofgem से आपको जो पत्र मिला होगा, उसमें आपके घर के लिए एक विशिष्ट माप संदर्भ संख्या दी गई होगी। इस संख्या तक केवल TrustMark जैसी वैध संस्थाओं को पहुंच प्राप्त होगी। यदि कोई व्यक्ति ऑडिट जांच के लिए आपसे सम्पर्क करता है और वह आपको यह विशिष्ट माप संदर्भ संख्या नहीं दे पाता है, तो उनके साथ कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और उन्हें अपने घर में प्रवेश न करने दें।

ऑडिट कराने के लिए

- कॉल करें **0333 555 1234 – विकल्प 1** (सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक, और शनिवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपलब्ध, बैंक अवकाशों को छोड़कर)
- हमें यहां ईमेल करें: **onsitebookings@trustmark.org.uk**

TRUSTMARK
Government Endorsed Quality

UK Government

क्या सरकारी योजना के अंतर्गत आपको तापावरोधन (इन्सुलेशन) सेवा प्राप्त हुई है?

यदि आपने ECO4 या GBIS योजनाओं के तहत बाहरी दीवार इन्सुलेशन लगवाया है, तो तुरंत कदम उठाएं

सरकार द्वारा समर्थित गुणवत्ता योजना के रूप में, TrustMark आपके घर के फ्री ऑडिट की व्यवस्था करेगा। कोई भी समस्या पाए जाने पर, इंस्टॉलर द्वारा उसे निशुल्क ठीक किया जाएगा।

कॉल करें: 0333 555 1234 – विकल्प 1

TRUSTMARK
Government Endorsed Quality

आपको क्यों सम्पर्क करना चाहिए?

यदि आपने सरकार की वर्तमान एनर्ज़ी कम्पनी ऑब्लिगेशन (ECO) योजनाओं में से किसी एक के तहत बाहरी दीवार इन्सुलेशन लगवाया है, तो आपको हमसे सम्पर्क करना चाहिए: ECO4 या ग्रेट ब्रिटिश इन्सुलेशन योजना (GBIS)।

ज्यादातर घरों में इस प्रकार के इन्सुलेशन की गुणवत्ता में समस्याएं पाई गईं। इसके उत्तर में, सरकार ने घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निशुल्क ऑडिट की घोषणा की।

सभी समस्याएं तुरंत दिखाई नहीं देंगी। यह महत्वपूर्ण है कि आप फ्री ऑडिट का लाभ उठाएं।

ये ऑडिट TrustMark द्वारा किए जाएंगे, जो कि सरकार द्वारा समर्थित गुणवत्ता योजना है और ECO4 और GBIS योजनाओं के तहत ऊर्जादक्षता सुधारों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए उत्तरदायी है।

आपको क्या करना होगा और कब?

सरकार के अनुरोध पर TrustMark उन घरों को फ्री ऑडिट सेवाएं प्रदान कराने का काम कर रहा है जिनमें बाहरी दीवारों पर इन्सुलेशन लगा हुआ है।

फ्री ऑडिट के लिए, TrustMark से निम्नांकित फोन पर सम्पर्क करें: **0333 555 1234 – विकल्प 1**, या यहां ईमेल करें: **onsitebookings@trustmark.org.uk**

TrustMark से सम्पर्क करने के बाद अगले चरण इस प्रकार हैं:

1. **TrustMark आपकी पसंद के अनुसार ईमेल, फोन या डाक द्वारा आपसे सम्पर्क करेगा और आपके घर का फ्री ऑडिट करने का प्रस्ताव देगा।**
2. **यदि आप ऑडिट स्वीकार करते हैं, तो TrustMark का एक योग्य पेशेवर इंस्टॉलेशन का निरीक्षण करेगा और आपको निष्कर्षों के बारे में बताएगा।**
3. **कोई भी समस्या पाए जाने पर, TrustMark आपके लिए निशुल्क रूप से इन समस्याओं को दुरुस्त करने की व्यवस्था करेगा। काम पूरा होने पर आपको सूचित किया जाएगा।**

ऑडिट का कार्य सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर केंद्रित होगा। इसमें संभवतः काम की बाहरी रूपरेखा सम्बंधी आपकी चिंताओं को शामिल नहीं किया जा सकेगा।

सरकार आपको अपने घर के फ्री ऑडिट के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए अत्यंत प्रोत्साहित करती है। भले ही कोई समस्या दिखाई न दे और आपको अपनी बाहरी दीवार के इन्सुलेशन के बारे में कोई चिंता न हो, फिर भी आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप अपने घर का ऑडिट करा लें।